चंडीग (भाषा) टू-जी स्पेक्ट्रम घोटाला संबंधी जेपीसी की मसौदा रपिोर्ट पर भाजपा द्वारा नशिाना साधे जाने के बीच केंद्रीय मंत्री मनीष तवािरी ने आज कहा कि पार्टी अनावश्यक रूप से यह मुद्दा उठा रही है क्योंकि रपिोर्ट के संसद में पेश होने पर उस पर चर्चा की जा सकती है तवािरी ने यहां संवाददाताओं से कहा, " जेपीसी की मसौदा रपिोर्ट सदस्यों को भेज दी गयी है अब जेपीसी की बैठक होगी और सदस्य उस बैठक में अपने वचिार रख सकते हैं उसके बाद रपिोर्ट स्वीकार की जाएगी और इसे संसद में पेश किया जाएगा जब रपिोर्ट संसद में आ जाएगी तो हम उस पर चर्चा कर सकते हैं...."

सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने मसौदा रपिोर्ट का बचाव करते हुए कहा कि यह रपिोर्ट जेपीसी सचविालय ने तैयार की है

लुधयािना से लोकसभा सदस्य तवािरी ने कहा, "...जो लोग जेपीसी मसौदा रपिोर्ट को खारजि कर रहे हैं या अनावश्यक टपि्पणी कर रहे हैं, वे शायद भूल गए हैं कि मुरली मनोहर जोशी की अध्यक्षता वाली लोकलेखा समति की रपिोर्ट भी उसके सचविालय ने तैयार की थी उसी तरह यह परंपरा रही है कि जेपीसी सचविालय द्वारा रपिोर्ट तैयार की जाती है और सदस्यों को भेजी जाती है "